भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1

बुधवार, 07 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

1. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में हाल ही में गिरावट आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने इसके कारणों का आकलन किया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके निष्कर्ष क्या हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) क्या सरकार के पास पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों में किए गए और/या प्रस्तावित एफडीआई का राज्य-वार आंकड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क): भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वर्ष 2014-15 से वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है। विवरण निम्नलिखित तालिका में देखा जा सकता है:

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**कुल एफडीआई अंतर्वाह (बिलियन अमेरिकी डॉलर में)**
1.	2014-15	45.15
2.	2015-16	55.56
3.	2016-17	60.22
4.	2017-18	60.97
5.	2018-19	62.00
6.	2019-20	74.39
7.	2020-21	81.97
8.	2021-22 (अनंतिम)	84.84

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। (अनंतिम) - आंकड़े अनंतिम हैं।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठता।
(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान निवेश किए गए और/या प्रस्तावित एफडीआई संबंधी राज्य-वार आंकड़े केंद्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

*****